भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †1724
दिनांक 29.07.2026 को उत्तर देने के लिए

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा खनिज अन्वेषण

†1724. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने तिरुनेलवेली जिले में खनिज अन्वेषण कार्य किया है और यदि हां, तो गत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान स्वीकृत या जारी की गई धनराशि और प्राप्त भौतिक प्रगति सहित इसके निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ख) केंद्र सरकार द्वारा तिरुनेलवेली जिले के लिए इस संबंध में क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है तथा इसके लिए क्या समयावधि निर्धारित की गई है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) और (ख): भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने पिछले तीन वर्षों के दौरान तिरुनेलवेली जिले में खनिज गवेषण कार्य नहीं किया है।

जीएसआई ने कार्य सत्र 2005-2006 तक तिरुनेलवेली जिले में अभ्रक, ग्रेफाइट, चूना पत्थर आदि जैसे विभिन्न खनिज पदार्थों के लिए खनिज गवेषण कार्यक्रम कार्यान्वित किए। इन गवेषण परियोजनाओं से किसी भी खनिज पदार्थ के लिए सार्थक परिणाम नहीं मिले और इसलिए जीएसआई द्वारा इस जिले में आगे खनिज गवेषण कार्य नहीं किया गया।

*****